महत्वपूर्ण एवं खास

निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 6 को रद्द रहेगी

रायपुर (आरएनएस)। निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 6 दिसंबर को रद्द रहेगी। ज्ञात हो कि जवाद तूफान के कारण कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। इनमें 6 दिसंबर को गाड़ी संख्या 12808 निजामुद्दीन विशाखापट्टनम एक्सप्रेस को भी रद्द किया गया है।

पिकनिक मनाने गए तीन छात्र नदी में डूब गए, दो लोगों को बचाया गया एक लापता,तलाश में जुटी गोताखोर

अंबिकापुर (आरएनएस)। घाघी जलप्रपात में नहाने के दौरान तीन छात्र डूब गए। लोगों ने मौके पर दो को बचा लिया। जबकि एक छात्र का अभी तक पता नहीं चल पाया।ग़ोताख़ोरों की टीम लापता छात्र की तलाश में जुटी है। दरिमा थाना क्षेत्र का यह पूरा मामला है। बताया जा रहा है कि घाघी जलप्रपात में छात्र पिकनिक मना रहे थे। इस दौरान नहाने के लिए कई छात्र जलप्रपात में उतरे थे। वहीं गहराई में जाने से एक छात्र डूब गया। उसे बचाने के लिए दो छात्रों ने भी छलांग लगा दी। हालां?कि दो को मौके से बाहर निकाल लिया गया, जबकि एक लापता हो गया। मामले की सूचना पर पहुंची ग़ोताख़ोरों की टीम आज डूबे छात्र की तलाश करेगी।

महिला की अर्धनग्न हालत में लाश मिलने से फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

जशपुर (आरएनएस)। बगीचा थाना इलाके में बीते कई दिनों से गायब एक महिला की अर्धनग्न हालत में लाश मिली है। महिला की कलाई गायब है। जानकारी के मुताबिक बगीचा थाने के ठुहाटोंगरी जंगल में पहाड़ के उपर लाश मिली है। मृतिका घर से तीन सप्ताह से गायब बताई जा रही थी। सूचना मिलने पर बगीचा थाना पुलिस मौके पर पहुँच गयी है। मृतिका उपका गाँव की रहने वाली बतायी जा रही है। वही आगे की कार्रवाई कर पुलिस जांच में जुट गई है।

खतरनाक सुपारी किलर को पुलिस ने दबोचा, लाखों रुपये में करता था सौदा

अंबिकापुर (आरएनएस)। कॉन्ट्रैक्ट किलिंग के मामले में सरगुजा पुलिस को बड़ी सफलता मिली। ठेकेदार प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कराई थी। हत्या को अंजाम देने खतरनाक सुपारी किलर को ठेकेदार ने हायर किया था। सुपारी किलर से एक लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। महिला की गला दबाकर हत्या की गई थी। डेढ़ साल बाद आरोपी सहित दो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पहली बार इस खतरनाक अपराधी को भारी सुरक्षा बल के साथ दुनिया के सामने लाया गया।

गौठान का शेड तोड़कर 9 बकरी चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। गौठान का शेड तोड़कर 9 बकरियों को चोरी कर लेने की रिपोर्ट आरंग थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम गोईन्दा निवासी संतोष कुमार साहू 45 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि ग्राम गोईन्दा गौठान में शासन द्वारा प्रदत्त सात बकरियां एवं 2 मैमना कुल 9 ब?करियां अनुमानित कीमत 45000 रुपये को किसी गौठान का शेड तोड़कर 3 दिसंबर की देर रात्रि चोरी कर लिया।

वन अधिकार पट्टाधारियों के संवर्धन के लिए उठाये जा रहे महत्वपूर्ण कदम

» रायगढ़ जिले में विभागीय योजनाओं के माध्यम से आजीविका गतिविधियों को दिया जा रहा बढ़ावा

रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदिवासियों के हितों के संरक्षण, वन निर्भर समुदायों की वन आधारित आजीविका को समृद्ध बनाकर, आदिवासी अधिकारों व अस्मिता का मान रखते हुए वन के साथ सहजीवी रिश्ता बनाये रखने, प्रदेश में मनुष्य एवं प्रकृति के मध्य द्वन्द को नियंत्रित करने तथा प्रदेश की जैव-विविधता, जल स्त्रोत, वन्य जीव और वनों को संरक्षित रखने, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से निपटने के लिये तथा वन संसाधनों के लोकतांत्रिक प्रशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन अधिकार अधिनियम 2006 को प्राथमिकता से क्रियान्वित किया जा रहा है। आदिवासियों एवं अन्य परंपरागत वनवासियों को जंगल पर उनके अधिकारों को मान्यता देने के लिये 2006 में अनुसूचित जनजाति और परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों के मान्यता) कानून को पूरे देश में लागू किया गया है। प्रदेश में 13 दिसम्बर 2005 से पहले वन क्षेत्र में काबिज वनवासियों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है। इसमें वनक्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों को शासन द्वारा व्यक्तिगत और सामुदायिक पत्र का वितरण किया जा रहा है।

रायगढ़ जिला अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन द्वारा व्यक्तिगत वन अधिकार के तहत 13 हजार 28 वन अधिकार पत्र हेतु 7400.118 हेक्टेयर भूमि का वितरण किया गया है तथा कुल 736 ग्रामों को विभिन्न सामुदायिक प्रयोजनों जैसे-निस्तार, चारागाह, जैव विविधता, लघु एवं गौण वनोपज संग्रहण, जलाशय के अन्य उत्पाद, श्मशान, देवस्थल हेतु ग्रामसभा के नाम से कुल 5 हजार 159 सामुदायिक वन अधिकार पत्र जिनका क्षेत्रफल 62348.323 हेक्टेयर है तथा वनों पर आश्रित समुदायों को ग्रामसभा के नाम से 295 ग्रामों को कुल 295 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र सामुदायिक वन संसाधनों की संरक्षा, पुनरुज्जिवित करने, परिरक्षित करने तथा प्रबंध करने हेतु 146223.824 हेक्टेयर भूमि पर अधिकार दिया गया है।

वन अधिकार पत्रों के वितरण के पश्चात् एफआरए हितग्राही को विभिन्न योजनाओं का लाभ देने हेतु वन अधिकार पत्र पुस्तिका का वितरण किया जा रहा है। जिससे शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। वन पट्टाधारियों के आय संवर्धन एवं जीवन स्तर में सुधार हेतु विभिन्न आजीविका वर्धक विभागों के कन्वर्जेन्स से संचालित कार्य किये जा रहे है। जिसमें महात्मा गांधी नरेगा एवं डी.एम.एफ के अभिसरण से चयनित एफआरए क्लस्टर में भूमि समतलीकरण एवं मेढ़ बंधान, चैन लिंक तार फेंसिंग एवं गेट निर्माण कार्य, वर्किंग शेड निर्माण, मिट्टी मुरुम सड़क निर्माण, सिंचाई हेतु डबरी, कुआँ निर्माण एवं बोर खनन, सोलर पम्प, ड्रिप स्प्रिंकलर, सर्कुलेशन टैंक निर्माण, बकरी शेड, मुर्गी शेड, गाय कोठा निर्माण के द्वारा 110 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उक्त कार्यों हेतु मनरेगा एवं डीएमएफ द्वारा कुल 01 करोड़ 91 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

वन विभाग द्वारा वन धन योजना से लघु वनोपज प्रसंस्करण/एमएसपी से लघु वनोपज खरीदी के तहत-661 हितग्राही, शहीद महेंद्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के तहत-05 हितग्राही, फलदार पौध रोपण से-171 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा डीजल पम्प सेट/स्प्रिंकलर सेट वितरण के तहत-06 हितग्राही, पौध संरक्षण यंत्र वितरण/कृषि यंत्र वितरण-1848 हितग्राही, निःशुल्क बीज मिनी किट वितरण-1501 किट, रागी/दलहन तिलहन फसल प्रदर्शन से-478 हितग्राही, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से-15 हजार 16 हितग्राही, फसल बीमा योजना से-595 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। पशुधन विभाग द्वारा 25 हितग्राहियों को बकरी इकाई वितरण किया गया है। उद्यानिकी विभाग द्वारा राज्य पोषित आम नवीन रोपण/पोषण बाड़ी/एनएचएम सब्जी एवं काजू क्षेत्र विस्तार योजना/डी.एम.एफ सब्जी मिनीकिट वितरण के तहत-555 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। सहकारिता विभाग द्वारा कुल 3700 हितग्राहियों को केसीसी वितरण कर 01 करोड़ 64 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया गया है तथा पिछले खरीफ के मौसम में 277 एफआरए हितग्राहियों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गई है। क्रेडा विभाग द्वारा सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पम्प स्थापित कर 04 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

मत्स्य पालन विभाग द्वारा नील क्रांति योजना अंतर्गत मछली पालन हेतु 02 तालाब का निर्माण किया गया है। लोगों के जीवन पर वन अधिकार अधिनियम का प्रभाव प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहा है जिसमें वन अधिकार पत्र प्राप्त होने से पीढ़ियों से आजीविका हेतु उपभोग कर रहे भूमि पर किसी और के अधिकार होने का डर ख़त्म हुआ है।

50 हजार की सट्टा-पट्टी के साथ आरोपी गिरफ्तार, सट्टे में लगा 39 हजार जब्त

» सट्टा खाईवालों और खुलेआम शराबखोरी करने वालों पर सरिया पुलिस की कार्रवाई

रायगढ़। सरिया थाना प्रभारी कमल किशोर पटेल द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर क्षेत्र में सट्टा लिखने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी गई है।

आज दिनांक 04/12/2021 को थाना प्रभारी सरिया एवं उनकी टीम द्वारा सरिया टाउन क्षेत्र में सट्टा लिखने की मिल रही शिकायतों पर मुखबिर लगाकर कार्रवाई किया गया। पुलिस टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 12 में सट्टा लेने वाले सुरेश शर्मा पिता रामप्रताप शर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 सरिया को रंगे हाथ सट्टा पट्टी लेते गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से नकद 3,900 रुपए तथा करीब 50,000 रुपए की लिखित सट्टा पट्टी जप्त किया गया है। आरोपी पर 4 (क) सार्वजनिक द्रुत अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। इसके साथ ही सरिया थाना प्रभारी द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पकड़े गये 05 व्यक्तियों पर 36(च)1 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में उप थाना प्रभारी उप निरीक्षक के.के. पटेल, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर पंडा एवं आरक्षक राजकुमार साव, गोपाल डनसेना, विपिन कुमार देहरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एनसीसी कैडेट्स को बताए गए ट्रैफिक नियम

» यातायात पुलिस ने केआईटी कॉलेज में आयोजित की जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा ट्राफिक डीएसपी पुष्पेन्द्र बघेल के मार्गदर्शन पर आज दिनांक 04/12/2021 को यातायात पुलिस द्वारा स्थानीय केआईटी कॉलेज रायगढ़ में एनसीसी कैडेट्स को दुर्घटनाओं के कारण एवं दुर्घटना होने पर घायल के बचाव के उपाए कैसे करें, इसे विस्तारपूर्वक बताया गया।

जिले तथा सीमावर्ती जिलों के कैडेट्स के कैंप की जानकारी पर

यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता के क्रम में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं रोकथाम को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स को यातायात थाने के उप निरीक्षक गोवर्धन मांझी, प्रधान आरक्षक रतन सिंह, आरक्षक विजय सिदार, संजय केरकेट्टा द्वारा वाहन चालक को नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी वाहन में न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन चलाने से भारी जुर्माना के साथ पालकों पर कार्रवाई, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनों के चालक व यात्रा दोनों के हेलमेट का प्रयोग करने जैसे यातायात नियमों की बारीकियों एवं सावधानियों को बताया गया। एनसीसी कैडेटभी बड़ी कौतूहल के साथ जानकारी ग्रहण करते दिखे और बीच बीच में यातायात से संबंधी प्रश्न पुलिसकर्मियों से पूछते गये। कार्यक्रम के अंत में कैडेट्स द्वारा यातायात पुलिस से हमेशा यातायात नियम पालन करने एवं दूसरों को भी यातायात नियम का पालन हेतु प्रेरित करने शपथ ली गई।

बदमाशों की धरपकड़ में लगी चक्रधरनगर पुलिस के हाथ आए दो आदतन आरोपी

» मां मणी इण्डस्ट्रीज फैक्टरी के कर्मचारियों के साथ मारपीट के मामले में थे फरार, दोनों आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अभिनवकांत सिंह द्वारा क्षेत्र के गुण्डा, निगरानी तथा आदतन आरोपियों को अपने आचरण में सुधार लाने की समझाइश दी जा रही है। वहीं वारंटियों एवं फरार आरोपियों के संबंध में जानकारी लेकर पुलिस टीम तत्काल आरोपी/वारंटी के ठिकानों पर दबिश दिया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 05/12/2021 को ग्राम नटवरपुर स्थित मां मणीइंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में घुसकर कर्मचारियों को डराने, धमकाने, मारपीट करने के मामले में फरार आरोपी सनी चंदेल और कपिल सोलंकी को क्षेत्र में घूमते देखे जाने की सूचना थाना प्रभारी अभिनवकांत को मिला, जिस पर थाना प्रभारी थाने से स्टाफ को फरार आरोपियों की पतासाजी में लगाया गया। पुलिस स्टाफ द्वारा दोनों आरोपी (1) सनी चंदेल पिता आशुतोष चंदेल उम्र 26 वर्ष निवासी कोतरलिया थाना चक्रधरनगर (2) कपिल सोलंकी पिता जयराम सोलंकी उम्र 30 वर्ष निवासी गुजराती पारा स्टेशन चौक रायगढ़ थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर थाना चक्रधरनगर के अप.क्र. 447/2021 धारा 294, 427, 455, 506, 34 आईपीसी में रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपियों द्वारा अपने साथी शुभम चौहान ग्राम कोतरलिया के साथ दिनांक 04.08.2021 के शाम नटवरपुर स्थित मां मणीइंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के कर्मचारी के साथ अवैध पैसा वसूली की तैयारी में हाथ में डंडा, राड लेकर फैक्ट्री अंदर गेट खोल कर घुसने लगे। तब गार्ड द्वारा गेट बंद कर अंदर घुसने से मना करने पर ये लोग गार्ड रंजन को गाली गलौच कर फैक्ट्री अंदर आकर फैक्ट्री के कार्यालय के डिस्पेचर भुनेश्वर लक्ष्मी को रूपये देना पड़ेगा कहकर गाली गलौच कर मारपीट किये थे। चक्रधरनगर पुलिस मारपीट करने वाले सनी चंदेल और कपिल सोलंकी के साथी शुभम चौहान को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। घटना के बाद से दोनों आरोपी के फरार होने पर मामले में गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध चालान पेश करते हुए फरार आरोपियों के विरुद्ध धारा 173(8) सीआरपीसी के तहत चालान पेश किया गया था। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरूद्ध पृथक से चालान पेश किया जावेगा जिन्हें आज रिमांड पर भेजा गया है।

कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश नारायण पांडे, प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत, प्रधान आरक्षक दिलीप भानु , पेट्रोलिंग पार्टी के आरक्षक बिक्कू सिंह ,चंद्र कुमार बंजारे ,धीरेंद्र पांडे, श्याम साहू की अहम भूमिका रही है।

फेसबुक में धर्म विशेष पर विवादित वीडियो पोस्ट की शिकायत

» थाना प्रभारी कोतवाली फेसबुक अकाउंट धारक महिला को जारी किये नोटिस

रायगढ़। दिनांक 04/12/2021 को कोतवाली थाना क्षेत्र के मधुबनपारा में रहने वाले व्यक्ति द्वारा मिनीमाता चौक रायगढ़ में रहने वाली महिला दुर्गा डाली देवांगन द्वारा अपने फेसबुक अकाउंट से एक धर्म विशेष को लेकर विवादित वीडियो पोस्ट किये जाने की शिकायत लेकर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर से मिला। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली को तत्काल विवादित पोस्ट डालने वाले सख्स को नोटिस जारी कर अग्रिम विधिअनुरूप कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर टीआई मनीष नागर द्वारा विवादित विडियो पोस्ट करने वाली महिला दुर्गा डाली देवांगन निवासी मिनीमाता चौक रायगढ़ को नोटिस जारी कर थाने अपना पक्ष रखने बुलाया गया है, बाद शिकायत पर अग्रिम विधि अनुरूप कार्यवाही की जावेगी।

विदित है कि रायगढ़ सोशल मीड़िया मॉनिटरिंग सेल द्वारा ऐसे विवादित पोस्ट पर नजर रखे हुए है। इसी बीच एक जागरूक नागरिक द्वारा ऐसे विवादित पोस्ट के सोशल मीडिया में वायरल होने के पूर्व जानकारी दी गई है। जिसे गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

छ.ग.योग आयोग के सचिव पाण्डेय ने योग प्रभारियों की ली बैठक

रायगढ़। सचिव छत्तीसगढ़ योग आयोग एम.एल.पाण्डेय कल रायगढ़ जिले के प्रवास में रहे। प्रवास के दौरान उन्होंने स्थानीय सर्किट हाउस में जिला एवं विकासखण्ड के योग प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में विनय तिवारी, परिवीक्षा अधिकारी, समाज कल्याण, जिला योग प्रभारी नीलांबर पटेल, जिला योग प्रभारी सुश्री पुष्पांजलि सतपथी, श्रवण केजरीवाल, गुलाब चंद अग्रवाल, पवन अग्रवाल सहित जिले के सभी विकासखंड के योग प्रभारी सम्मिलित हुए।

बैठक में सचिव पाण्डेय द्वारा सभी प्रभारियों से परिचय प्राप्त करते हुए योग संबंधी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विकासखण्ड, जिला, राज्य स्तर पर योग प्रतियोगिता कराये जाने के

लिए कार्ययोजना बनाने हेतु जिला अधिकारी समाज कल्याण रायगढ़ को निर्देशित किया। योग प्रभारियो द्वारा विकासखंड स्तर पर नियमित योग कक्षा संचालित करने के लिए आवश्यक सहयोग की मांग की गई। जिले में योग के विस्तार एवं योग संबंधी गतिविधियों में नवाचार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सचिव योग आयोग ने प्रशंसा करते हुवे वर्चुअल योग मैराथन में रायगढ़ जिले द्वारा सर्वाधिक पंजीयन कर कीर्तिमान बनाने के लिए जिले के योगदान की सराहना करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी।

पढ़ई तुंहर दुआर में हमारे नायक चुनी गई शिक्षिका रश्मि नायक

रायगढ़। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोसमपाली विकासखंड रायगढ़ की शिक्षिका श्रीमती रश्मि नायक पढ़ई तुंहर दुआर कार्यक्रम अंतर्गत हमारे नायक चुनी गई हैं। उल्लेखनीय है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य है बच्चों को रोजगार मूलक शिक्षा उपलब्ध कराना, जिससे कि बच्चे भविष्य में रोजगार की ओर अग्रसर हो सके। इसी कड़ी में स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के द्वारा 10 दिवसीय बस्ता विहीन स्कूल कार्यक्रम का आयोजन राज्य के समस्त पूर्व माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिससे कि पूर्व व्यवसायिक परीक्षण के द्वारा बच्चों को रोजगारोन्नमुखी बुनियादी शिक्षा से जोड़ा जा सके। इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोसमपाली, रायगढ़ की शिक्षिका

श्रीमती रश्मि नायक द्वारा बच्चों को बस्ता विहिन विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सरपंच श्रीमती अनुसुइया उरांव, समिति के अध्यक्ष मुकेश महाराज एवं गांव के विभिन्न कलाकार लोगों का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को लोक नृत्य एवं लोक गीत सिखाया गया। बांस एवं मिट्टी, खराब कपड़े एवं पत्तों से विभिन्न कलाकृतियों की चीजें बनवाई गई। गांव के ही बांस कला में निपुण श्रीमती सुशीला बसोड़ को विद्यालय में बुलाकर बांस से भिन्न प्रकार की कलात्मक टोकरी एवं अन्य सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लोक नृत्य (कर्मा एवं सुआ) श्रीमती अनुसुइया भट्ट एवं कविता नागवंशी द्वारा सिखाया गया। जस गीत सगुन दास महंत द्वारा एवं सनी चौहान द्वारा मूर्ति निर्माण करने का प्रशिक्षण दिया गया। दोना पत्तल का निर्माण श्रीमती मालती चौहान द्वारा सिखाया गया। इस प्रकार के पूर्व व्यवसाय प्रशिक्षण प्रदान करने से बच्चों में रोजगार मूलक बुनियादी शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ा है। विकासखण्ड एवं जिला रायगढ़ की शिक्षिका श्रीमती रश्मि नायक के हमारे नायक चुने जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी.आदित्य एवं डीएमसी समग्र शिक्षा रमेश देवांगन ने श्रीमती रश्मि नायक सहित ग्राम सरपंच, समिति के सदस्यों, गांव के विभिन्न कलाकार लोगों को इस कार्य व सहयोग के लिए बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

क्या कहती हैं श्रीमती रश्मि नायक

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत रोजगार मूलक शिक्षा उपल्ब्ध कराने हेतु हमारी शाला का चयन किये जाने पर हमें अत्यंत गर्व एवं प्रसन्नता की अनुभूति हुई। शाला के सभी बच्चों ने इस कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम जन सहयोग से एवं शिक्षकों के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। हमे आशा है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय के छात्र भविष्य में रोजगार के विभिन्न क्षेत्र में लाभान्वित होंगे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480